Roll No.....

A–2–Y

Total No. of Questions : **16**]

[Total No. of Printed Pages : **8**

XRSZJF19

22102–Y

HINDI

Time : 3 Hours]

[Maximum Marks : 100

नोट :– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) 'बालकृष्ण भट्ट' के निबन्धों में कौन-कौनसी शैलियाँ मिलती हैं ?

   (ii) 'ये फूल नहीं' किस कवि की रचना है ?

   (iii) 'अनामिका' किस कवि की रचना है ?

   (iv) मानव की प्राचीनतम लिपि कौनसी है ?

   (v) 'वीर विलास' नामक ग्रन्थ के कवि हैं ?

   (vi) 'चिन्तामणि' निबन्ध के लेखक कौन हैं ?

   (vii) कबीर का जन्म-स्थान कहाँ है ?

https://www.jkboseonline.com

(viii) कहानी और उपन्यास का प्रधान तत्त्व कौनसा है ?

(ix) 'सतसई' किस काल की रचना है ?

(x) पंतजी ने सन् 1938 ई. में कौनसी पत्रिका निकाली ?

(xi) 'सपनों के से दिन' के लेखक का क्या नाम है ?

(xii) 'मंजीर' किस कवि की रचना है ? 1×12=

2. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जलते नभ में देख असंख्यक,
स्नेहहीन नित कितने दीपक,
जलमय सागर का उर जलता,
विद्युत ले घिरता बादल!
विहँस विहँस मेरे दीपक जल!

अथवा

(क) कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत लजियात।
भरे भौन मैं करत हैं, नैननु ही सब बात॥

https://www.jkboseonline.com

(ख) प्रगट भए द्विजराज-कुल, सुबस बसे ब्रज आइ।

मेरे हरौ कलेस सब, केसव केसवराइ॥ 6

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

इन्हीं गुणों के कारण इन चित्रों ने देश-विदेश में ख्याति अर्जित की और भारत का नाम संसार भर में उजागर किया। अब इस शैली के चित्रों का निर्माण लगभग समाप्त हो चुका है।

अथवा

धोबी की धुली वर्दी और पॉलिश किए बूट और जुराबों को पहने जब हम स्काउटिंग की परेड करते तो लगता कि हम फौजी ही हैं। 6

4. किसी **एक** कविता का भावार्थ लिखिए :

(क) पर्वत प्रदेश में पावस

(ख) नारी श्रृंगार। 6

5. किसी **एक** गद्य-पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) बड़े भाई साहब

(ख) जम्मू की चित्रकला। 6

https://www.jkboseonline.com

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कश्मीर के भक्त कवि हिन्दी में कविता क्यों करना चाहते थे ?

(ख) पहाड़ी चित्रकला की विशेषता के बारे में **तीन** वाक्य लिखिए।

(ग) बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं ?

(घ) कवि ने भारत को 'हिमालय का आँगन' क्यों कहा है ?

(ङ) विश्व-शलभ दीपक के साथ क्यों जल जाना चाहता है ?

(च) "झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए" इस पंक्ति में कवि के कहने का क्या अभिप्राय है ? $2\times3=6$

7. (क) कहानी और उपन्यास का तुलनात्मक अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) छायावाद की **तीन** विशेषताएँ विस्तारपूर्वक लिखिए। 4

(ग) हिन्दी साहित्य के वीरगाथाकाल की **तीन** प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए। 3

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) विज्ञान के नवीनतम आविष्कार

(ख) जल-प्रदूषण—समस्या एवं समाधान

https://www.jkboseonline.com

(ग) सूचना के अधिकार की आज के युग में महत्ता

(घ) गणतन्त्र दिवस—राष्ट्रीय पर्व

(ङ) जम्मू-कश्मीर के धार्मिक स्थल। 12

9. अपने क्षेत्र के विद्युत अभियंता को शिकायती-पत्र लिखिए जिसमें बिजली की कटौती को कम करने की बात की गई हो।

अथवा

अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए जिसमें शिक्षा के मूल्यों का वर्णन किया गया हो। 5

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्राचीन कहावत है कि जो पुरुषार्थी है, साहसी है, जिसमें धैर्य है, जो समय का सदुपयोग करना जानता है, जो अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठोर से कठोर परिश्रम करने को सदैव तत्पर रहता है। सफलता उसी की दासी होती है और उसी के गले में जयमाला पहनाती है।

https://www.jkboseonline.com

प्रश्न :

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) मनुष्य का यह अद्भुत साहस और परिश्रम क्या उसके भाग्य का प्रतिफल है ? https://www.jkboseonline.com

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का एक-तिहाई सार लिखिए। 2×3

11. निम्नलिखित में से अलंकार छाँटिए :

(क) पीपल पात सरिस मन डोला।

अथवा

सब प्राणियों के मत्त मनो-मयूर अहा नचा रहा।

(ख) निम्नलिखित में से छंद छाँटकर लिखिए :

गोविन्द दियौ मिलाय, बलिहारीं गुरु आपनो।
काके लागै पाय, गुरु गोविन्द दोऊ खड़े।

अथवा

बिहसि लखन बोले, मृदु वाणी।
अहो मुनीस महा भट मानी॥

12. (क) निम्नलिखित वाक्य में से पदबंध छाँटकर नाम लिखिए :

वह धीरे-धीरे चल रहा था।

अथवा

मेरे सामने वाले घर में एक सुन्दर बच्चा है। 2

(ख) निम्नलिखित वाक्य का वाक्य-परिवर्तन कीजिए :

धैर्यवान सदा सुखी रहते हैं। (साधारण वाक्य में)

अथवा

गार्ड ने हरी झण्डी दिखाई और गाड़ी चल दी। (मिश्र वाक्य में) 2

(ग) दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

गर्दन में हाथ डालना; छाती ठोकना; अंधे की लकड़ी; चाँद का टुकड़ा। 2

13. (क) निम्नलिखित पदों का सन्धि-विच्छेद कीजिए :

नयन; रमेश; कृष्ण; विच्छेद। 2

(ख) सकर्मक क्रिया एवं अकर्मक क्रिया की **एक-एक** परिभाषा लिखिए। 2

14. (क) 'सु' नामक उपसर्ग से किन्हीं दो शब्दों का निर्माण कीजिए। 2

https://www.jkboseonline.com

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक के आधार पर परिवर्तित कीजिए। (केवल **एक**)

(i) अरे! रात भूचाल आया था। (स्वीकारात्मक वाक्य)

(ii) आपने अपना काम पूरा किया। (प्रश्नवाचक वाक्य) 2

15. (क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए :

अर्थ, कृतज्ञ, श्याम, कनक। (केवल **दो**) 2

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :

लघु, कृतज्ञ, शीत, उच्च। (केवल **दो**) 2

16. सार्वनामिक सर्वनाम की परिभाषा देते हुए **एक** उदाहरण दीजिए। 2

https://www.jkboseonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 20/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 20 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.jkboseonline.com